Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Prasad Shri Hari Kewal

an>

Title : Need to open the Branches of Nationalised Banks in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के देवरिया जिले के कई शहरों में बैंकों के अभाव में लोगों को वित्तीय सुविधा के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है और किसानों को अपनी खेती में चाहते हुए भी निवेश इत्यादि नहीं कर पा रहे हैं। इस जिले के लार विकास खंड के महरौना, बनकटा विकास खंड अंतर्गत रामपुर बुजर्ग एवं भलूवनी विकास प्रखंड के सिधारिया के छोटे छोटे शहरों में एक भी सरकारी बैंक एवं ग्रामीण बैंक नहीं हैं जिसके कारण किसानों को ऋण लेने एवं बचत इत्यादि कार्य की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। गंडक एवं घाघरा नदी के बीच में जो किसान अच्छी खेती पाती करती हैं, बैंकों के अभाव में वित्तीय सुविधा नहीं मिलने के कारण उन्हें अपना आर्थिक विकास किये जाने के कार्य में कई कठिनाई पैदा हो रही हैं। इस जिले के कई नवयुवक विदेशों में कार्यरत हैं और समय समय पर अपने रिश्तेदारों को पैसा भेजते रहते हैं, परन्तु उनके मुद्रा एक्सजेंच इत्यादि कार्यों में उन्हें काफी परेशानी होती है।

अतः सरकार से सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेहरौना, रामपुर बुजर्ग एवं सिधारिया शहरों में बैंक की शाखायें खोली जायें।